हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

11 खेड़ी में बाबा रामसुखदास की स्मृति में मेला और...



12 सरसों के भाव में उछाल, समर्थन मूल्य से 400 रुपये ज्यादा महंगी



### खुदाई के चलते सड़क बनी परेशानी का कारण, दुकानदारों को भारी नुकसान

# अचानक हुई बरसात से नारनौल का मुख्य बाजार बना तालाब, जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त, नालों की सफाई और जल निकासी पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर में शुक्रवार शाम अचानक हुई तेज बरसात ने मुख्य बाजार क्षेत्र की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। करीब सवा सात बजे आई इस तेज बारिश ने कुछ ही देर में मुख्य बाजार मार्ग को जलमग्न कर दिया, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश ज्यादा देर तक नहीं चली, लेकिन गली-मोहल्लों के मकानों की छतों से बहकर आया पानी और पहले से अव्यवस्थित ड्रेनेज व्यवस्था के चलते खुदाई वाली सड़क में पानी जमा हो गया। देखते ही देखते मुख्य बाजार मार्ग तालाब जैसा नजर आने लगा और लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया।

- बिजली गुल होने से अंधेरे में बढ़ी दिक्कतें, राहगीरों को उठानी पड़ी मुश्किल

#### खुदाई बनी जलभराव की बड़ी वजह

इन दिनों नगर परिषद द्वारा मुख्य बाजार गली में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। सड़क को नए सिरे से बनाने के लिए जगह-जगह खुदाई की गई है, जिससे पूरी सड़क उबड़-खाबड़ हो गई है। बरसात के दौरान यही खुदाई जलभराव का मुख्य कारण बन गई। जहां-जहां गड्ढे बने हुए थे, वहां पानी भर गया और सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई। दुकानदारों का कहना है कि यदि निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाती, तो इस तरह की समस्या से बचा जा सकता था।

#### दुकानदारों और राहगीरों पर असर

मुख्य बाजार शहर का प्रमुख व्यावसायिक केंद्र है, जहां रोजाना बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए आते हैं, लेकिन जलभराव के कारण दुकानदारों का काम प्रभावित हुआ। कई दुकानों के सामने पानी भर जाने से ग्राहक अंदर तक नहीं पहुंच पाए। दुकानदारों ने बताया कि ऐसे हालात में व्यापार ठप हो जाता है और नुकसान उठाना पड़ता है। वहीं राहगीरों को भी पानी और कीचड़ से गुजरते हुए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।





नारनौल। बरसात होने से लबालब भरा मुख्य बाजार मार्ग व बहकर आई गली मोहल्लों की गंदगी। फोटो: हरिभूमि

#### अंधेरे में बढ़ी परेशानी

बारिश के दौरान शहर की बिजली भी गुल हो गई, जिससे हालात और अधिक बिगड़ गए। मुख्य बाजार जैसे व्यस्त इलाके में अचानक अंधेरा छा जाने से लोगों को पानी से भरी सड़क पर चलना बेहद मुश्किल हो गया। राहगीर मोबाइल की रोशनी के सहारे रास्ता तलाशते नजर आए, जबकि कई लोग फिसलकर गिरने से बाल-बाल बचे। दुकानदारों ने बताया कि बिजली कटौती के कारण उनका काम भी प्रभावित हुआ और ग्राहकों की आवाजाही लगभग रुक गई।

#### व्यवस्था पर उठे सवाल

इस बरसात के बाद नगर परिषद की तैयारियों और कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं करना बड़ी लापरवाही है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि निर्माण कार्य के साथ-साथ अस्थायी जल निकासी के उपाय किए जाएं, ताकि बारिश के समय इस तरह की स्थिति न बने। साथ ही नालों की नियमित सफाई और कचरा प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। अचानक हुई इस बरसात ने एकबार फिर यह साबित कर दिया कि शहर में बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किए बिना विकास कार्य अधूरे हैं। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो आने वाले बरसाती मौसम में हालात और भी गंभीर हो सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसो. के चुनाव आज

**नारनौल।** न्यू सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन के चुनाव 28 मार्च को प्रातः 10 बजे कराए जाएंगे। जल महल नजदीक मंडी प्रांगण में एसोसिएशन के प्रधान एवं सचिव पद के लिए यह चुनाव होंगे और नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसमें मंडी के दुकानदार एवं व्यापारी भाग लेंगे।

### कनीना नपा की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**कनीना।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि शुक्रवार को नगर पालिका के सभी वार्डों की मतदाता सूचियां का अंतिम प्रकाशन कर दिया है। डीसी ने बताया कि इन मतदाता सूचियां की प्रतियां आम जनता के निरीक्षण के लिए विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय नारनौल, एसडीएम कार्यालय कनीना, नगर पालिका कार्यालय कनीना व तहसील कार्यालय कनीना में जाकर निःशुल्क मतदाता सूची देख सकते हैं।

### जन परिवेदना समिति की बैठक 31 को

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 31 मार्च को दोपहर एक बजे लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा।

### दुकानदारों की रोजी-रोटी पर असर, बीमारियों का खतरा मंडराया

# सीवर ओवरफ्लो होने के कारण 'पार्क गली बनी नरक', हालात बदहाल

- पार्क गली के छोटे नाले की सफाई न होने से गंदा पानी सड़कों पर फैला, लोगों का जीना दूभर
- 200 से अधिक शिकायतों के बावजूद नहीं हुई सुनवाई, बरसात में बढ़ेगा संकट





नारनौल। पार्क गली में भरी सीवरेज की गंदगी व छोटा नाला अवरुद्ध होने से भरा पानी। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की पार्क गली में सीवर ओवरफ्लो की समस्या ने यहां के लोगों एवं दुकानदारों को नरक बना दिया है। यहां के निवासियों और दुकानदारों ही नहीं, इस गली से गुजरने वाले सभी लोगों का जीवन दूभर कर दिया है। गली में लंबे समय से गंदा पानी भरा हुआ है, जिससे न केवल आवागमन प्रभावित हो रहा है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी गंभीर खतरे भी पैदा हो गए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह समस्या नई नहीं, बल्कि वर्षों से चली आ रही है, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।


पार्क गली, जो बस स्टैंड रोड से पहले स्थित है, वहां का छोटा गंदा नाला पूरी तरह अवरुद्ध हो चुका है। नाले में पॉलीथीन, कचरा और अन्य ठोस अपशिष्ट सामग्री जमा होने के कारण पानी की निकासी रुक गई है। नतीजन, सीवर का गंदा पानी सड़कों और दुकानों के सामने भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

#### बीमारियों का बढ़ा खतरा

गली में फैले गंदे पानी से मक्खी-मच्छरों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। दुकानदारों का कहना है कि दुर्गंध इतनी ज्यादा है कि दुकानों में बैठना मुश्किल हो गया है।

#### बरसात में और बिगड़ेंगे हालात

दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते नाले की सफाई और सीवर व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो आने वाले बरसाती दिनों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। पानी की निकासी पूरी तरह ठप होने से गली में जलभराव की समस्या कई गुना बढ़ जाएगी।




नारनौल। मोबाइल पर आया हुआ मैसेज।

#### समाधान की मांग

*पार्क गली के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाले की सफाई करवाई जाए और स्थायी समाधान के लिए नई ड्रेनेज व्यवस्था बनाई जाए। साथ ही सीवर लाइन की नियमित सफाई और निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की समस्या दोबारा न हो। उन्होंने कहा कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे एकबार फिर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।*

#### शिकायतों के बावजूद नहीं जागा विभाग

स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार जनस्वास्थ्य विभाग के हेल्प नंबर 18001805678 पर शिकायत दर्ज करवाई है। अनुमान के मुताबिक अब तक 200 से 250 शिकायतें फोन के जरिए दर्ज कराई जा चुकी हैं। हालांकि हर बार शिकायत करने के बाद विभाग की ओर से केवल अधिकारियों को मैसेज फॉरवर्ड करने की प्रक्रिया ही पूरी होती है, लेकिन मौके पर कोई ठोस कार्रवाई देखने को नहीं मिलती। इससे लोगों में प्रशासन के प्रति गहरा रोष है। इसके अलावा नगर परिषद, प्रशासनिक अधिकारियों, नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी और विधायक ओमप्रकाश यादव को भी कई बार अवगत कराया जा चुका है।

#### धरना-प्रदर्शन भी नहीं दिला पाया राहत

पार्क गली के दुकानदार राजेश यादव, धीरज शर्मा, बंटी, सुमित, मौनी वालिया, आकाश, रवि, छीक्का टेलर और मुकेश आदि ने बताया कि समस्या के समाधान के लिए वे कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके हैं। यहां तक कि विरोध स्वरूप गली को भी बंद किया गया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि हर बार आश्वासन जरूर मिलता है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं होता। गली में लगातार भरे रहने वाले गंदे पानी का सबसे अधिक असर दुकानदारों पर पड़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि सीवर ओवरफ्लो के कारण ग्राहक दुकानों तक पहुंचने से कतराते हैं। दुकानदारों का कहना है कि बदबू और गंदगी के कारण व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है, जिससे उनकी रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो गया है। यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो उनका आर्थिक नुकसान और बढ़ सकता है।



महेंद्रगढ़। छापेमारी के दौरान टीम द्वारा पकड़े गए सिलेंडर। फोटो: हरिभूमि

### गैस की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन एक्शन मोड में

# सीएम फ्लाइंग ने पाली गांव में पकड़े अवैध गैस सिलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गैस की कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन एक्शन मोड में नजर आ रहा है। सीएम फ्लाइंग और खाद्य आपूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने गांव पाली में छापेमारी करते हुए अवैध गैस सिलेंडरों के स्टॉक का भंडाफोड़ किया है। टीम ने कार्रवाई करते हुए मौके से विभिन्न गैस कंपनियों के करीब तीस सिलेंडर बरामद किए हैं। संयुक्त टीम ने गांव पाली में गोपाल कृष्ण के मकान पर छापेमारी कर निरीक्षण किया। गोपाल कृष्ण मौके पर मौजूद मिला, जिसे साथ लेकर टीम ने पूरे परिसर की जांच की। जांच में मकान से सात गैस सिलेंडर, पिकअप गाड़ी से तीन सिलेंडर और घर के पास स्थित धर्मशाला से बड़ी संख्या में सिलेंडर बरामद किए गए। टीम द्वारा कुल मिलाकर करीब तीस सिलेंडर जब्त किए गए। पूछताछ के दौरान गोपाल कृष्ण इन सिलेंडरों से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस को लिखित शिकायत दी। पुलिस ने मौके से बरामद सभी सिलेंडर और पिकअप गाड़ी को कब्जे में लेकर गोपाल कृष्ण को हिरासत में ले लिया है। मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। सीएम फ्लाइंग से इंस्पेक्टर दीनदयाल, एएसआई सचिन कुमार, गुप्तचर विभाग से लीलाराम व एएसआई सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाइक सवार युवक से गांजा बरामद

**नारनौल।** थाना शहर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक होटल के पास से एक युवक को अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि विशाल निवासी मोहल्ला कायस्थवाड़ा मोटरसाइकिल पर नशीला पदार्थ लेकर आ रहा है। युवक ने मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन ने उसे काबू कर लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में आरोपित की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान आरोपित से एक काले रंग की प्लास्टिक पॉलीथिन बरामद हुई, जिसमें नशीला पदार्थ गांजा भरा हुआ था। इलेक्ट्रॉनिक कांटे पर वजन करने पर बरामद गांजे की कुल मात्रा 526 ग्राम पाई गई।



महेंद्रगढ़। मोर को मिट्टी में दबाते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

## 31 मार्च को देर रात तक खुले रहेंगे बैंक

**नारनौल।** चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति को देखते हुए जिला प्रशासन ने सरकारी कामकाज व वित्तीय लेनदेन को समय पर निपटाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने निर्देश जारी किए हैं कि 31 मार्च को महावीर जयंती का अवकाश होने के बावजूद जिले के सभी खजाना कार्यालय, उपखजाना कार्यालय व सरकारी लेनदेन करने वाले बैंक सामान्य दिनों की तरह कार्य करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि पंजाब वित्तीय नियमों के तहत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि क्लोजिंग के समय किसी भी प्रकार का वित्तीय कार्य लंबित न रहे। उन्होंने स्पष्ट किया कि 31 मार्च की रात 12 बजे तक ये सभी संस्थान खुले रहेंगे, जिससे सरकारी विभागों के बजट, बिलों के भुगतान व अन्य बैंकिंग लेनदेन को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और बैंक प्रबंधकों को इन आदेशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि वर्ष के अंतिम दिन होने वाली भारी भीड़ और तकनीकी कार्यों को बिना किसी बाधा के निपटाया जा सके।

## पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

**महेंद्रगढ़।** गांव बसई में पति ने पत्नी के सिर में चोट मारकर मौत के घाट उतार दिया। महिला को चोट लगने के कारण परिजन उसे नागरिक अस्पताल लेकर आए, जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया, लेकिन परिजन घायल महिला को इलाज के लिए रेवाड़ी के एक निजी अस्पताल लेकर गए, जहां घायल महिला ने इलाजे दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मृतका की माता के बयान पर आरोपित पति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके अलावा पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके भौतिक साक्ष्य भी उठाए हैं। मृतका की माता सुमन ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह गांव सांजरवास जिला चरखी दादरी की रहने वाली है। 26 मार्च की रात्रि को आठ से लेकर 10 बजे तक उसकी लड़की संतोष के मोबाइल पर हरपाल के मोबाइल से कई बार फोन आए, जिसमें दोनों आपस में बहसबाजी कर रहे थे। इस बारे में संतोष ने उसको बताया।

## करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान गई

*राष्ट्रीय सम्मान के साथ किया मोर का अंतिम संस्कार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव भगड़ाना में शुक्रवार को बिजली का करंट लगने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। गांव भगड़ाना निवासी युवा संगठन के मुख्य सचिव प्रदीप यादव ने बताया कि हमारे गांव भगड़ाना में 11 हजार वोल्टेज की हाई एक्सटेंशन नंगी तारों की वजह से शुक्रवार की सुबह आठ बजे शहीद आनंद कुमार स्मारक के पास राष्ट्रीय पक्षी मोर की करंट लगने से मौत हो गई। इसकी सूचना डायल 112 पर दी गई तथा फॉरेस्ट वाइल्ड लाइफ विभाग को सूचित किया गया। दोनों टीमों ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की, जिन्होंने गांव के पशु अस्पताल में मौजूद वेटनरी सर्जन के द्वारा रिपोर्ट बनाकर राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इससे पूर्व भी हमारे गांव भगड़ाना में चार पांच बार इसी प्रकार राष्ट्रीय पक्षी की मौत हो चुकी है। इसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा बार बार वन विभाग को दी गई है तथा नंगे तारों की हाई एक्सटेंशन तारों को बदलकर केबल लगाने के लिए बिजली निगम से अनुरोध किया गया है, परंतु बिजली निगम की तरफ से इस मामले पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। निगम की इस प्रकार की लापरवाही की वजह से गांव के 10 साल के बच्चे पंकज का इसी बिजली की लाइन से करंट लगने की वजह से हाथ कट गया।

### आजादी के बाद पहली बार नहरी पानी पहुंचेगा, तीन गांवों के पांच जोहड़ जोड़े जाएंगे

# सतनाली क्षेत्र के दो गांव 3 करोड़ से जुड़ेंगे नहरी नेटवर्क से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

सतनाली क्षेत्र के तीन गांवों के लिए खुशी की खबर है। एकतरफ जहां दो नए गांव नहरी नेटवर्क से जोड़ने का रास्ता साफ हो गया है। वहीं एक अन्य गांव में भी पंचायती फार्म में नया जोहड़ खोदकर नहरी पानी से भरा जाएगा। समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सरकार की योजना है कि सभी गांवों में कम से कम एक जोहड़ को नहरी नेटवर्क से जोड़कर उसे नहरी पानी से लगातार भरा जाए। इसी कड़ी में सतनाली क्षेत्र के गांव नंगला एवं जवाहर नगर को भी अब नहरी नेटवर्क से जोड़ने का रास्ता साफ हो गया है। लगभग दो साल पहले इन दोनों ही गांव की पंचायतें सांसद धर्मबीर सिंह से मिली थी तथा गांव के गिरते भूजल स्तर की समस्या के समाधान का निवेदन किया था। सांसद के प्रयास से एक मेगा रीचार्ज प्रोजेक्ट मंजूर हो गया था तथा विभाग द्वारा उसपर काम भी शुरू करवा दिया गया था। सबसे बड़ी समस्या रेलवे लाइन की आ रही थी। रेलवे से मंजूरी के लिए सांसद धर्मबीर सिंह ने रेलवे के डीआरएम को पत्र लिखकर इसकी मंजूरी देने की प्रक्रिया को जल्द-से-जल्द पूरा करने बारे कहा था। अब रेलवे की तरफ से महेंद्रगढ़-सतनाली ट्रैक के नीचे से पाइप लाइन बिछाने की मंजूरी आ गई है। इसके लिए रेलवे ने अभी सिंचाई विभाग को 5.13 लाख रुपये जमा कराने बारे कहा है।





महेंद्रगढ़। प्रोजेक्ट के लिए बिछाई जा रही पाइप लाइन व गांव नंगला में खोदा गया जोहड़।

#### विशेष

- प्रोजेक्ट पर कुल लागत तीन करोड़ 5 लाख रुपये।
- 3 क्यूसेक का पंप लगाया जाएगा।
- प्रेशराइजड पाइप लाइन से जुड़ेंगे पांच नए जोहड़।
- जड़वा माइनर की टेल पर बनाया गया है पंप हाउस।
- चार किलोमीटर लंबी पाइप लाइन बिछाई जा रही है।
- गांव जवाहर नगर में खेल ग्राऊंड के पास हैं दो जोहड़।
- गांव नंगला में शमशान घाट के पास हैं दो जोहड़।
- गांव पथरवा में दो एकड़ में खोदा गया है एक नया जोहड़।

#### 1200 से 1500 फिट तक चला गया भूजल स्तर

संदीप मालड़ा ने बताया कि जड़वा नहर की टेल पर नया पंप हाउस बनाया गया है तथा तीन क्यूसेक का पंप लगाया जाएगा। प्रेशराइजड पाइप लाइन के माध्यम से गांव नंगला में दो, जवाहर नगर में दो तथा गांव पथरवा में एक जोहड़ को जोड़ा जाएगा। इन गांवों में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है तथा मौजूदा समय में भी यहां भूजल स्तर लगभग 1200 से 1500 फिट तक चला गया है। जहां एक तरफ गांव नंगला और जवाहर नगर में आज तक एक भी जोहड़ नहरी नेटवर्क से नहीं जोड़ा गया है। वहीं दूसरी तरफ यहां खेती का संकट खड़ा हो गया था। संदीप मालड़ा ने बताया कि इस प्रोजेक्ट के सिरे चढ़ने से गांव नंगला, जवाहर नगर तथा पथरवा के हजारों किसानों को लाभ होगा। केंद्र एवं प्रदेश सरकार का ध्येय है कि किसान की लागत घटाई जाए तथा उसकी पैदावार बढाई जाए। इससे ही विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। इस कार्य को सिरे चढ़ाने के लिए तीनों गांव की पंचायतों ने सांसद धर्मबीर सिंह एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।



# इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।'मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।


लाइफStyle

# आरती
## कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।




हॉलीवुड मसाला




# स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।




# 2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



# खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।



# शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

**मुंबई।** कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

टीवी मसाला



# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।'इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

## ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग


नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में



शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।

# मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी

**मुंबई।** 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों



साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

# इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

**नई दिल्ली।** थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

### ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।



### डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

### बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री **BTS** के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापति 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

### कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

# ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

**नई दिल्ली।** कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

### प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे श्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

### आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

## प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़

### शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।



### सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

### रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

### रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

**विजय** : विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

**रणबीर कपूर**: रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

**ऋतिक रोशन**: ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

**जूनियर एनटीआर**: जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

## खबर संक्षेप



### नामांकन हेतु अभिभावकों को किया प्रेरित

**नारनौल।** सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांवी के अध्यापकों की टीम घर घर पहुंचकर अभिभावकों को सरकारी स्कूल में बच्चों के नामांकन हेतु प्रेरित कर रही है। विद्यालय की ओर से प्रवक्ता डॉ. जितेंद्र भारद्वाज ने बताया कि विद्यालय प्राचार्य सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में वरिष्ठ प्रवक्ता सुनीता कुमारी के नेतृत्व मे अध्यापिका ललिता कुमारी की टीम ने गांव कांवी में अभिभावकों से संपर्क किया।

### सराय गांव के पूर्व पंच बनवारी लाल का निधन

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव सराय गांव के 90 वर्षीय पूर्व पंच बनवारी लाल का शुक्रवार सुबह एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान



निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके पुत्र विजय ने उन्हें मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में कर्णसिंह, अभय सिंह यादव, सुरेंद्र कुमार, सरपंच नरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

# खेड़ी में बाबा रामसुखदास की स्मृति में मेला और दंगल हुआ

■ नवनिर्मित भव्य गुंबज एवं बाबा की पवित्र समाधि का विधिवत अनावरण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के गांव खेड़ी में बाबा रामसुखदास बाबा रामस्नेही की पावन स्मृति में विशाल मेले व दंगल का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में आसपास के गांवों सहित दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु व दर्शक पहुंचे, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल बना रहा। इस मौके पर नवनिर्मित भव्य गुंबज एवं बाबा की पवित्र समाधि का विधिवत अनावरण किया गया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से माथा टेककर आशीर्वाद लिया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा नेता अतर लाल एडवोकेट उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को एकता व संस्कारों से जोड़ते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन के साथ हुई जिसे भारतीय संस्कृति में विशेष महत्व दिया जाता है। इसके पश्चात कर्नल सतानन्द सिंह चौहान द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मेले के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। बच्चों, युवाओं, महिलाओं व बुजुर्गों के लिए अलग-अलग दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं जिनमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। दोपहर बाद दंगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र के नामी पहलवानों ने जोर-आजमाइश की। वहीं 51 हजार रुपए की मुख्य कुश्ती संजय जैलाफ और अजय अत्री बहादुरगढ़ के बीच हुई। जो कड़े मुकाबले के बाद बराबरी पर समाप्त हुई। इसके अलावा 31 हजार रुपए की कुश्ती थाना मारोड़ी व छिछरोली के पहलवानों के बीच हुई, जो भी बराबरी पर छूटी।



मंडी अटेली। विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### देखने को मिला श्रद्धा, परंपरा व खेल भावना का अद्भुत संगम

इस मौके पर सरपंच सत्यनारायण यादव ने बताया कि मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रसिद्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा, परंपरा और खेल भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया।इस मौके पर डीपीई कंवर सिंह यादव, मनोज, नरपत सिंह चौहान, कैप्टन नानंगपाल,थानेदार रामनिवास, रामोतार, सूबेदार हिम्मत सिंह, अभिषेक तंवर व जोगेंद्र सिंह राठौड़ आदि मौजूद रहे।

### 30 को छापड़ा सलीमपुर में बाबा रूपादास का मेला

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के गांव छापड़ा सलीमपुर में स्थित बाबा रूपादास जी महाराज के मंदिर प्रांगण में चैत्र सुदी द्वादशी के उपलक्ष्य में 30 मार्च को मेला एवं कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। मेले के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। मेला समिति के सदस्य मेनपाल यादव ने बताया कि इस मौके पर मेले में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसमें नेशनल स्टाइल प्रो कबड्डी में विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता टीम को 21 हजार रूपए का नगद पुरस्कार दिया जायेगा। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम ईनाम 21 हजार व द्वितीय ईनाम 15 हजार रुपये दिया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम विजेता टीम को 11 हजार रुपये व उपविजेता टीम को 7100 रुपये के नगद पुरस्कार दिया जाएगा। क्रिकेट प्रतियोगिता की शुरुआत 28 मार्च से होगी। वहीं 51 रुपये से लेकर 21 हजार रुपये तक की कुश्ती मुकाबले भी कराए जाएंगे। मेले की शुरुआत सुबह हवन के साथ की जाएगी, जिसके पश्चात भंडारे का शुभारंभ होगा।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

# बीआर ज्ञानदीप में मिडल विंग का वार्षिक परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

बीआर ज्ञानदीप विद्यालय सुरजनवास में मिडल विंग का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि डॉ. सुमेर सिंह रहे व एडवोकेट अशोक कुमार, एडवोकेट पूजा कुमारी, प्रवीण सीए एवं एडवोकेट कुसुम कुमारी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में अपनी उपस्थित दर्ज करवाते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अध्यापिका कल्पना एवं कुमारी ईशु ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि विद्यालय चेयरमैन रूपराम यादव ने सभी अतिथियों को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों द्वारा अतिथियों एवं अभिभावकों का तिलक लगाकर भव्य स्वागत से हुई, जिससे पूरे वातावरण में उत्साह और सम्मान का भाव देखने को मिला। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, खेलकूद, स्वच्छता एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए।

### सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य

प्राचार्य ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। केवल अंक ही सफलता का मापदंड नहीं हैं, बल्कि अच्छे संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास भी उतने ही आवश्यक हैं। कार्यक्रम में सुजान सिंह, हरिओम तंवर, करिश्मा, सचिन, रेखा, नीरज, अमित, दिव्या, निर्मला, उर्मिला, अविका सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा और आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विजय इंटरनेशनल स्कूल में शिल्पशाला प्रशिक्षण प्रयोगशाला शका शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल में जैष्णवी फाउंडेशन द्वारा शिल्पशाला प्रशिक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ किया गया। इस प्रयोगशाला के शुभारंभ मुख्यातिथि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बलाना प्रधानाचार्य स्वतंत्र कुमार तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह तथा चेयरमैन विजय यादव टूमना उपस्थित रहे। प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने बच्चों को जानकारी देते हुए इस प्रयोगशाला के महत्त्व के बारे में बताया।

विद्यालय चेयरमैन विजय यादव टूमना ने सभी को बधाई देते हुए हस्तशैलियों की उत्पत्ति, विकास, भारत में कढ़ाई तथा पारम्परिक भारतीय शैलियों के बारे में अवगत करवाया तथा बताया कि विजय इंटरनेशनल स्कूल पूरे हरियाणा में एकमात्र ऐसा स्कूल है, जिसे इस प्रकार की शिल्पशाला कक्षाओं तथा प्रयोगशाला की अनुमति मिली है, ये हमारे क्षेत्र के लिए बहुत गर्व की बात है। विजय इंटरनेशनल स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर रहता है। 29 मार्च को चेयरमैन स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन भी कर रहा है, जिसमें किसी भी विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे हिस्सा ले सकते हैं तथा बहुत ही आकर्षक कैश प्राइज के साथ साथ फीस में भी शत प्रतिशत छूट प्राप्त कर सकते हैं।



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सिद्ध पीठ माता भूरा भवानी का मेला व भंडारा लगाया

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ में सिद्ध पीठ माता भूरा भवानी का महान मेला और भंडारे का आयोजन हुआ है, जिसमे महेंद्रगढ़ शहर एवं क्षेत्र के आसपास के गांव से श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में सुबह नौ बजे महंत शक्तिनाथ महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं ने हवन किया। मंदिर कमेटी संरक्षक प्रेमचंद सिसोठिया, प्रधान संदीप यादव और सरपंच वीरेंद्र कुमार ने बताया कि मेले में वॉलीबॉल की 14 टीम आई हुई है। मेले में मुख्यातिथि विधायक कवर सिंह यादव, विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति चेयरमैन विजय लक्ष्मी यादव, समाजसेवी प्रवीण माजरा, प्रदीप लावन उपस्थित रहे। विधायक कवर सिंह ने खेल मैदान ने वॉलीबॉल खेल का शुभारंभ किया। पहला मैच दीपक सिसोठ और रिंकू सिसोठ के बीच हुआ। समाचार लिखे जाने तक खेल का परिणाम नहीं आया। बच्चों की कुश्ती शुरू हो चुकी थी।



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बाबा भैया आश्रम में मेले और भंडारे का आयोजन

# गुजरवास में झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

रामनवमी के उपलक्ष्य पर गुजरवास में बाबा भैया आश्रम में मेले व भंडारे का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने प्रातः काल भगवान राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान व वानर सेना को घोड़ा बग्गी में बैठाकर गांव में विशाल झांकी निकाली। तत्पश्चात यज्ञ हवन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मेले में बच्चों के झूले, रंग बिरंगे खिलौने और महिलाओं की आर्टिफिशियल ज्वेलरी सामान ने सबका ध्यान आकर्षित किया। समाजसेविका बिमला अग्रवाल ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। ऐसे आयोजनों से हमें अपनी परंपराओं और रीतियों को जानने और समझने का अवसर मिलता है, इसलिए हमें इन आयोजनों का हिस्सा बनना चाहिए और अपनी संस्कृति को जीवंत रखना चाहिए। कार्यक्रम में बाल कलाकारों ने शिव पार्वती, कृष्ण सुदामा तथा वीर हनुमान की मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की इनकी लोक गायक संजय शर्मा गुजरवासिया, महाशय अशोक स्वामी, प्रीति योगी और जगदीश शर्मा ने अपने सुंदर भक्ति गीतों से श्रोताओं को भाव विभोर किया।



मंडी अटेली। रामनवमी श्रद्धालु भजनों पर झूमते हुए। फोटो : हरिभूमि



महेंद्रगढ़। छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई

# आकाश एकेडमी के छात्र का ऑल इंडिया में प्रथम रैंक

■ नियमित टेस्ट और विशेष मार्गदर्शन ने छात्रों को इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आकाश एकेडमी के छात्रों ने नेशनल ओलिंपियाड में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान व द्वितीय स्थान हासिल किया हैं। इस उपलब्धि ने जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। एकेडमी में छात्रों का भव्य स्वागत किया गया। शिक्षकों ने मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की और छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। देवेंद्र बैरावास ने बताया कि सभी छात्र अपनी पढ़ाई के प्रति हमेशा गंभीर थे और हर विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते थे। नियमित टेस्ट और विशेष मार्गदर्शन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की।

राज्य, राष्ट्रीय स्तर पर स्थान पाने वाले विद्यार्थी कुणाल पंघाल हिसार ने नेशनल लेवल पर पहली रैंक, जतिन खैरोली नेशनल लेवल पर दूसरी रैंक, कार्तिक झज्जर ने छठी रैंक, ध्रुव जांगू गुड़गांव ने सातवीं रैंक तथा यतिक जोनावास, हार्दिक नांगल सिरोही ने आठवीं कक्षा में स्टेट लेवल पर पहली रैंक पाई। लक्ष्य तिवारी महेंद्रगढ तथा यांशु स्याना कक्षा आठवीं में, भूमिक गुड़गांव सातवीं कक्षा, कार्तिक दुलोठ सातवीं कक्षा ओर शुभम जांगू गुड़गांव ने डिस्ट्रिक्ट लेवल पर पहली रैंक प्राप्त करके आकाश एकेडमी का नाम रोशन किया। इस मौके पर विकास रामलवास, देवेंद्र बैरावास, बबीता यादव, ज्योति शर्मा, मास्टर खुशीराम, नितिन यादव, प्रताप सिंह, बालमुकुंद गुप्ता, नवीन सोनी, मंगल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### तीन दिवसीय वार्षिक खेल स्पर्धा का समापन

# श्रीकृष्ण स्कूल भुंगारका किया में विजेताओं को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्रीकृष्ण सीनियर सेकेण्डरी स्कूल भुंगारका में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इस खेल महोत्सव में विद्यालय के चारों हाउस ईगल, हॉक, फाल्कन व कैस्ट्रल हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। तीन दिन तक चले इस खेल आयोजन में विद्यार्थियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। प्रतियोगिता में ईगल हाउस ऑवरऑल चैम्पियन रहा। वहीं हॉक हाउस ने रनर अप का स्थान प्राप्त किया। फाल्कन हाउस व कैस्ट्रल हाउस ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। लड़कों की कबड्डी में ईगल हाउस ने बाजी मारी, जबकि रस्साकस्सी में हॉक हाउस विजेता रहा। 400 मीटर रिले दौड़ में कैस्ट्रल हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कियों की कबड्डी में फाल्कन हाउस ने प्रथम स्थान हासिल किया। समारोह के दौरान प्राचार्य वेदपाल यादव ने विजेता हाउस मास्टर्स व टीचर्स को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस मौके पर प्रवीण कुमार, मोहन कुमार, धवन यादव, कपिल बंसल, डीपीई खामोश, कुलदीप डीपीई, एक्टिविटी हेड अत्तर सिंह आदि मौजूद रहे।



नारनौल। प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# दुकानदार ने सामान के पैसे मांगे तो कर दी मारपीट

**नारनौल।** बीती देर शाम बस स्टैंड के पीछे बनी एक किराना के दुकानदार को ग्राहक से सामान के पैसे मांगना महंगा पड़ गया। पैसे मांगने पर ग्राहक ने न केवल दुकानदार से मारपीट की, बल्कि कुछ लड़के बुलाकर दुकान का सामान भी बिखेर दिया। इस बारे में पीड़ति दुकानदार ने पुलिस में शिकायत दी है। मोहल्ला गुरुनानकपुरा की रेखा ने बस स्टैंड के पीछे यादव धर्मशाला के नजदीक एक किराना की दुकान की हुई है। उस दुकान पर रेखा का पति शुक्रवार शाम को बैठा हुआ था। इसी दौरान उस मोहल्ले का ही एक लड़का आया। उस लड़के ने दुकानदार से सामान मांगा, जिसके बाद दुकानदार ने सामान निकालकर दे दिया। मगर दुकानदार ने उससे सामान के पैसे मांगे, तो उसने पैसे देने से मना कर दिया। जब दुकानदार ने उसको दोबारा से पैसे देने को कहा तो वह उससे लड़ाई करने लगा। इतना ही नहीं, वहीं युवक ने फोन कर अन्य युवकों को बुला लिया। जिसके बाद चार-पांच युवकों ने आकर दुकानदार की पिटाई कर दी। वहीं दुकान में रखा सामान भी बिखेर दिया। जिस पर दुकानदार ने पुलिस में सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर डायल 112 की गाड़ी पहुंची। दुकानदार ने आपबीती पुलिस को बताई। इस पर पुलिस कर्मियों ने लिखित में थाने में शिकायत देने को कहा, जिसके बाद रेखा ने शहर थाना में लिखित में शिकायत देकर हमलावरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### युवाओं से अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का किया आह्वान

# राजकीय कॉलेज के रोजगार मेले में 35 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जिला रोजगार कार्यालय की ओर से शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल के तत्वावधान में रोजगार मेले का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव, जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत तथा महाविद्यालय की प्लेसमेंट सेल प्रभारी प्रोफेसर अलका ने किया।

जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने कहा कि हरियाणा सरकार बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेलों का आयोजन किया जाता रहता है। उन्होंने युवाओं से ऐसे अवसरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत ने बताया कि मेले में आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, रमाया हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड रोहतक, डेगानिया मेडिकल डिवाइसेज प्राइवेट लिमिटेड मानेसर तथा सोना कोमस्टर प्राइवेट लिमिटेड मानेसर सहित अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

रोजगार मेले में 173 प्रार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया। जिसमें से 85 प्रार्थियों को उपरोक्त कंपनियों की ओर से रोजगार के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया व 35 प्रार्थियों को मौके पर चयन पत्र दिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव ने कहा कि यह रोजगार मेला महाविद्यालय व क्षेत्र के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है।



नारनौल। रोजगार मेला में संबोधित करते रणजीत सिंह रावत। फोटो : हरिभूमि

लोकप्रिय शिक्षाविद, अनेक शिक्षण संस्थानों की संस्थापक, जन उत्थान की अग्रदूत एवं साक्षात् देवी



श्रीमती पुष्पा देवी जी
(सहधर्मिणी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट)
की सातवीं पुण्यतिथि पर शत् शत् नमन
आपकी कर्तव्यनिष्ठा सदैव हमारे लिए प्रेरणादायी बनी रहेगी।
सौजन्य से
- Maharana Pratap Engineering College, Dhanaunda
- Maharana Pratap Polytechnic, Dhanaunda
- Maharana Pratap College of Education, Dhanaunda
- Pitamah Umda Singh College of Education, Dhanaunda
- Brilliant Sr. Sec. School, Dhanaunda (Mahendragarh)

## खबर संक्षेप



### चेकिंग में 63 वाहनों के काटे चालान, 8 इंपाउंड

**नारनौल।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशों की पालना करते हुए पुलिस की ओर से जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। इस तीन घंटे के सघन चेकिंग अभियान के दौरान जिले के विभिन्न थाना व चौकी क्षेत्रों में पुलिस ने करीब 600 वाहनों की जांच की। यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों पर पुलिस ने सख्त रूख अपनाते हुए 63 वाहनों के चालान किए, जबकि मोटर वाहन अधिनियम के तहत गंभीर उल्लंघन पाए जाने पर आठ वाहनों को पुलिस की ओर से इंपाउंड भी किया गया। वाहनों के शीशों पर अवैध रूप से काली फिल्म का इस्तेमाल करने वालों पर भी कार्रवाई की गई।

### झंडा चौक पर ज्योतिबा फूले जयंती मनेगी

**मंडी अटेली।** महापुरुष महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती अटेली के झंडा चौक पर 11 अप्रैल को मनाई जाएगी। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के प्रदेश महासचिव कृष्ण तोबड़ा ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती पर अटेली में एक भव्य जनसभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे झंडा चौक अटेली मंडी में सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज में व्याप्त अज्ञानता को दूर करने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में शिक्षा, समानता और जागरूकता के संदेश को मजबूती देने पर जोर दिया जाएगा।

### शराब ठेके पर डकैती मामले में 2 आरोपित धरे

**कनीना।** सीआईए महेंद्रगढ़ ने सदर थाना क्षेत्र के बाघोत गांव में शराब ठेके पर हुई डकैती के मामले में संलिप्त दो और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान विनोद वासी कुगाई झज्जर व युवराज वासी रोहतक के रूप में हुई है। आरोपितों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस मामले में पुलिस ने दो आरोपित सोमबीर निवासी सिवाना बेरी झज्जर व अंकित निवासी कुगाई झज्जर को पहले गिरफ्तार किया था। मध्यरात्रि लगभग 1:30 से दो बजे के बीच तीन से चार अज्ञात बदमाशों ने बाघोत गांव में बहु रोड स्थित शराब के ठेके पर मौजूद सेल्समैन को बंधक बना लिया और ठेकेदार को भविष्य में ठेका न चलाने जान से मारने की धमकी दी।

### फसल खरीद नियमों को बताया अव्यवहारिक

**नारनौल।** किसान संगठन ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के जिला सचिव डॉ. व्रतपाल सिंह व छाजूराम रावत ने 28 मार्च से शुरू होने वाली रबी फसल खरीद में राज्य सरकार की ओर से किए गए बदलाव को अव्यवहारिक बताते हुए वापस लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रबी फसल खरीद में बदलाव से किसानों को अनेक परेशानी उठानी पड़ेगी। रबी फसलों पर सरकारी खरीद के लिए ऑनलाइन पोर्टल, पंजीकरण, ट्रैक्टर नम्बर की प्लेट की अनिवार्यता, गेटपर किसान के अंगूठा निशान लगवाना अथवा फोन ओटीपी की अनिवार्यता किसान विरोधी निर्णय है।

### 30 से 3 मार्च तक रायपुर में होंगे जनजातीय खेल

**नारनौल।** खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के तत्वावधान में भारतीय तीरदांजी संघ के सौजन्य से रायपुर छत्तीसगढ़ में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक खेलों इंडिया जनजातीय खेल आयोजित किए जाएंगे। इसमें शहर के मोहल्ला जमालपुर निवासी तीरदांज सोमेश को शूटिंग निदेशक नियुक्त किया गया है। संघ द्वारा खेलों इंडिया खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए जारी की गई 25 सदस्यीय सूची में हरियाणा प्रदेश से केवल सोमेश को शूटिंग निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। इस नियुक्त पर परिजनों ने खुशी जताई है। वहीं उसके परिचितों ने उन्हें बधाई दी है।

# नवरात्र समापन पर मां चामुंडा देवी मंदिर में सजा मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

नवरात्र समापन के अवसर पर शुक्रवार को आजाद चौक के समीप स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया गया। आस्था, भक्ति और उल्लास से सराबोर इस आयोजन ने पूरे शहर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

हालांकि मेला सायंकाल से विधिवत शुरू हुआ, लेकिन मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ने लगी थी। दूर-दूर से आए भक्त माता के दर्शन के लिए कतारों में खड़े नजर आए। "जय माता दी" के गगनभेदी जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### घर-घर गूंजे माता के जयकारे...



**नारनौल।** फूलों से सजाई गई मां चामुंडा का दर्शन करते श्रद्धालु । फोटो : हरिभूमि

### रामनवमी पर उमड़ा आस्था का सैलाब

रामनवमी के शुभ अवसर पर श्रद्धालु अपने परिवार, बच्चों और परिजनों के साथ माता के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। हर कोई माता के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करता नजर आया। भक्तों की आस्था इतनी गहरी थी कि घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद उनके चेहरे पर उत्साह और श्रद्धा झलकती रही।

### महिमा का गुणगान

मंदिर के पुजारी विनोद पंडित ने मां चामुंडा की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि सच्चे मन से मां की आराधना करने वाले भक्तों की हर मनोकामना पूरी होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भक्ति और विश्वास बनाए रखने का संदेश दिया। इस तरह नवरात्र समापन पर आयोजित यह मेला न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सेवा भावना का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

### कंजक पूजन की परंपरा

नवमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने सुबह स्नान कर विधिपूर्वक माता की आराधना की। इसके बाद घरों में कन्याओं के लिए विशेष भोजन तैयार किया गया और कंजक पूजन कर उन्हें प्रसाद ग्रहण कराया गया। यह परंपरा पूरे श्रद्धा भाव के साथ निभाई गई, जिससे घर-घर में उत्सव जैसा माहौल रहा। मंदिर में भी कंजक पूजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थी ।

### सेवा में जुटे युवा वालंटियर

मेले के दौरान युवा वालंटियरों ने निःशुल्क सेवा देकर आयोजन को और भी सुव्यवस्थित बनाया। श्रद्धालुओं के जूते-चप्पल सुरक्षित रखने की व्यवस्था की गई, वहीं पीने के पानी की भी उचित सुविधा उपलब्ध कराई गई।

## महासर माता मंदिर में मांगी मन्न्तें



**मंडी अटेली।** नवरात्रों के समापन पर कन्या पूजन करते हुए।

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव गढ़ी-महासर स्थित महासर माता का नवरात्रों के प्रारंभ हुआ मेला नवमी पर संपन्न हो गया। मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी मनोकामना की। माता के स्थान पर भक्तों ने पूजा अर्चना कर के नवजात विवाहित जोड़ों व नवजात शिशुओं का मुंडन कराया। माता के दरबार में से जात-जडूला उतारने का सिलसिला जारी रहता है। मेले के पुजारी पुष्कर शर्मा, संजय शास्त्री ने बताया कि मंदिर में आने वाले भक्तजनों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए व्यापक प्रबंध किए गए थे। मंदिर के समीप हर दिन भंडारा चलता रहता है। भक्तों भगवती भवन व धर्मशाला के मैनेजर रूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस मंदिर में आसपास के गांवों के अलावा देश के विभिन्न स्थानों से लाखों की संख्या में भक्त गण यहा आकर अपनी मनोकामना मांगते है।

## मंडी में जियो फेंसिंग नहीं हुई, किसान खुश

# सरसों के मूल्य में तेजी, समर्थन मूल्य से 400 रुपये ज्यादा महंगी

■ मंडी में सरसों की साढ़े 15 हजार क्विंटल की आवक हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** अनाज मंडी में सरसों की आवक पर ढेरियों को साफ करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इजराइल-अमेरिका व ईरान के बीच युद्ध का असर रसाई गैस, पेट्रोल उत्पाद सहित दूसरे उत्पादों पर देखने के साथ सरसों के भाव पर भी देखा जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से मंडियों में सरसों की सरकारी खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर शनिवार से शुरू होगी। विदेशी खाद्य तेलों के आयात में आई रूकावट के चलते घरेलू बाजार में तेल की मांग तेजी से बढ़ी है, जिसके परिणामस्वरूप सरसों के भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 से भी ज्यादा पहुंच गए है। मंडी में सरसों का ओपन भाव 42 लैब का 6600 प्रति क्विटल तक पहुंच गया है। वही तीन दिनों से परिवर्तनशील मौसम के चलते सरसों व गेहूं की कटाई व निकालने की प्रक्रिया में रूकावट आ रही है। वहीं खराब मौसम के कारण किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। मंडी में साढ़े 15 हजार क्विंटल की आवक हो चुकी है। आमतौर पर फसल कटाई के समय नई आवक बढ़ने से सरसों के भावों में कमी आती है। इस बार भी शुरूआत में हल्की गिरावट देखने को मिली थी, लेकिन वैश्विक परिस्थितियों के कारण बाजार ने अचानक करवट ली। तेल मिलों में पेराई के लिए सरसों की भारी मांग बढ़ने से भावों में 500 से 600 प्रति क्विटल का उछाल दर्ज किया गया है। मार्च माह के प्रथम सप्ताह में सरसों का भाव छह हजार रुपये तक था, लेकिन अब लगातार बढ़ रहा है।

### मौसम अनुकूल, बंपर पैदावार

इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने के कारण सरसों की बंपर पैदावार हुई है। अटेली अनाज मंडी सरसों की आवक तो हो गई थी, लेकिन वर्षा ने सरसों पर ब्रेक लगा दिए है। मंडी व्यापारी अनिल दुघडिया, भूपेश गुप्ता, हिमांशु गोयल, इंद्रजीत यादव ने बताया कि वैश्विक अस्थिरता बाजार में भारी पड़ रही है। खाड़ी देशों में युद्ध के हालातों के कारण विदेशों से आने वाले खाद्य तेल की सप्लाई लगभग ठप हो गई हैं। आयात रूकने से तेल मिलों का पूरा दबाव स्थानीय सरसों की खरीद पर आ गया है। माल ढुलाई की लागत बढ़ी सप्लाई चेन प्रभावित होने से देरी हो रही है। एक सप्ताह पूर्व अटेली मंडी में छह हजार रुपये प्रति क्विंटल थे, लेकिन हर दिन सरसों के रेट बढ़ रहे है। बुधवार को ज्यादा तेजी देखी गई तथा 6500 तक के रेट देखे गए। यही कारण है कि इस साल मार्च महीने में ही भावों में अन्य वर्षों की तुलना में तेजी देखने को मिल रही है।

### और बढ़ सकते हैं दाम



*व्यापारियों का अनुमान है कि यदि खाड़ी देशों में हालात ऐसे ही बने रहे, तो आने वाले समय में सरसों सहित अन्य तिलहनों के भाव और भी चढ़ सकते हैं। यह स्थिति किसानों के के लिए लाभदायक साबित हो रही है, क्योंकि उन्हें अपनी उपज का बेहतरीन दाम मिल रहा है। जिली पानी की व्यवस्था की गई। किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आने नहीं दी जाएगी। -दिनेश जेलदार, चेयरमैन*

### खरीद जारी

*अटेली अनाज मंडी में सरसों की सरकारी खरीद 28 मार्च से होनी है तथा अभी तक चार हजार के करीब क्विंटल की आवक चुकी है। मंडी में खरीद पूरी तैयार हो चुकी है तथा बिजली पानी की व्यवस्था की हुई है। अब की सरकारी खरीद में किसान का अंगूठा व फसल लाने वाले वाले वाहन नंबर भी अंकित होंगे। मंडी में करीब 40 आढ़ती है तथा 31 एकड़ में मंडी फैली हुई है।*
*-अनिल कुमार, मंडी सुपरवाइजर*



**नारनौल।** जैलाफ से चिंडालिया का कच्चा रास्ता। फोटो : हरिभूमि

## जैलाफ के ग्रामीणों का रास्ते को पक्का बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव जैलाफ की सीम व खेत जैलाफ-चिंडालिया रास्ता पर लगते हैं। इस समय रबी सीजन की फसल की कटाई व कढ़ाई जोरों पर है। इस रास्ते पर लगते खेतों में काम करने वाले ग्रामीणों, खेत मजदूरों व महिलाओं को परेशानी हो रही है। यह रास्ता बेहद उबड़ खाबड़ व कच्चा होने के कारण ट्रैक्टर ट्राली व ऊंट गाड़ी का निकलना न केवल मुश्किल है, बल्कि जोखिम भरा भी है। इसी रास्ते से महिलाएं ईंधन के लिए सरसों के धांसों को खेतों से घरों में ला रहे हैं, लेकिन रास्ता उबड़ खाबड़ होने के कारण सिर पर धांसों को लेकर चलना महिलाओं के लिए बेहद मुश्किल व जोखिम भरा काम है।

ग्रामीणों ने मांग की कि यह रास्ता मुख्यमंत्री खेत खलिहान योजना के अंतर्गत पक्का बनवाया जाए। जिसकी मांग को लेकर ज्ञापन महानिदेशक विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा चंडीगढ़ को भेजा गया, साथ ही चिंडालिया ग्राम पंचायत सरपंच सुमन ने बताया कि इसी रास्ते से चिंडालिया गांव से स्कूली बच्चे छात्र, छात्राएं गांव जैलाफ की सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नौवीं से 12वीं कक्षा तक आते है। इस रास्ते के निर्माण होने से चिंडालिया गांव की छात्राओं को आने जाने व आवागमन की सुविधा होगी, जो हरियाणा सरकार की बालिका शिक्षा अभियान को बढ़ावा मिलेगा। सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत, मुकेश कुमार पंच व तिलोक चन्द पंच ने बताया कि यह रास्ता दो गांवों को जोड़ने के साथ राजस्थान की सीमा से लगते गांव व ढाणियों को भी जोड़ता है, इसलिए यह रास्ता जनहित में अतिशीघ्र निर्माण करवाया जाना बेहद जरूरी है।

## कैंपर हादसे में नया मोड़, ट्राला चालक पर लापरवाही का केस दर्ज

**पहले केस में नील गाय के कारण पलटने की बताई गई थी वजह**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना



**कनीना।** पड़तल गांव के समीप दुर्घटना ग्रस्त कैंपर गाड़ी। फाइल : फोटो

कनीना अटेली सड़क मार्ग पर पड़तल गांव के समीप बीती छह फरवरी को घटित सड़क हादसे में एक और केस दर्ज होने से नया मोड़ आ गया हैं। सदर थाना पुलिस ने अब तरूप उर्फ आशीष की शिकायत पर अज्ञात ट्राला चालक को दोषी ठहराया है। जिसमें चालक पर साइड दबाने सहित लापरवाही का आरोप लगाया गया है।

शिकायत में बताया कि वह कौशल, देवेंद्र व नीरज के साथ पिकअप कैंपर में सवार होकर पड़तल में बाबा जिंदा स्थान के समीप पहुंचे, तो सामने से सरसों की भूसी से लदे आ रहे ट्राला ने साइड मार दी और चालक वाहन को लेकर फरार हो गया। इस हादसे में 25 वर्षीय पिकअप चालक नीरज की मौत हो गई थी। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई संदीप की शिकायत पर पिकअप डाला के सामने अचानक नीलगाय आने से गाड़ी पलटने पर हादसा होना बताया था। गाड़ी में सवार अन्य व्यक्तियों को भी चोटें लगी थी। जिन्हें एंबुलेंस से उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया था। जहां चिकित्सकों ने नीरज को मृत घोषित कर आशीष व कौशल का उपचार कर हायर सेंटर रेफर कर दिया था, जबकि देवेंद्र सुरक्षित बच गया था। घटना में पहला केस संदीप की शिकायत पर दर्ज किया गया था, जबकि दूसरा केस तरूप की शिकायत पर दर्ज किया गया है।

### शादी का झांसा देकर बनाए नाजायज संबंध, फिर दहेज मांग किया शादी से इनकार

**नारनौल।** पहले शादी का झांसा देकर युवती से संबंध बनाए और बाद में शादी से पहले दहेज की मांग कर दी। जिस पर पीड़िता की मां ने आरोपित युवक व उसके परिजनों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने केस दर्ज करने उपरांत जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता महिला ने बताया कि उसकी बेटी से केशव नगर के रितेश नामक युवक ने 4 अक्टूबर 2025 को पंचकूला स्थित एक संस्था में लव मैरिज की थी और तब आरोपित ने बाद में गांव में हिंदू रीति-रिवाज से शादी करने का भरोसा दिया था। इस दौरान उसने युवती से कई बार गलत संबंध बनाए। अब जब पीड़िता की शादी उसी युवक से गत 26 मार्च 2026 को होनी तय की गई थी, तब

## डॉ. आंबेडकर समिति के सदस्यों ने पूर्व शिक्षामंत्री से की मुलाकात

**राहुल गांधी देश के हितों को लेकर गंभीर नहीं: प्रो. रामबिलास शर्मा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



**महेंद्रगढ़।** रामबिलास शर्मा से मुलात करते समिति सदस्य।

पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे तनाव और युद्ध जैसे हालात पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संघर्ष से वैश्विक शांति को खतरा उत्पन्न होता है और आम नागरिकों को सबसे अधिक नुकसान उठाना पड़ता है। उनका कहना है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, बल्कि इससे केवल विनाश और अस्थिरता बढ़ती है। शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से भी आग्रह किया कि वह हस्तक्षेप कर शांति स्थापित करने की दिशा में ठोस प्रयास करें, ताकि दुनिया में शांति और स्थिरता बनी रहे। शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि देश की ऊर्जा जरूरतों को लेकर सरकार पूरी तरह सक्षम है। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे तनाव के बावजूद भारत में तेल और गैस के पर्याप्त भंडार उपलब्ध हैं। इस मौके पर प्रो. रामबिलास शर्मा से डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस प्रतिनिधिमंडल में समिति के पूर्व प्रधान एवं वर्तमान प्रधान अमन देवी के पति सुंदरलाल जोरासिया की अध्यक्षता में सदस्य शामिल रहे। शर्मा के मंत्री कार्यकाल के दौरान महेंद्रगढ़ स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक भवन के निर्माण के लिए दिए गए एक करोड़ 68 लाख के अनुदान के लिए आभार व्यक्त किया।

**कार्यक्रम** रामनवमी के पावन अवसर पर चिंडालिया में खेल मेला व रक्तदान शिविर

17 महिला कबड्डी टीमें और 13 पुरुष टीमों ने दमखम दिखाया

## मटका दौड़ में प्रमिला बाढड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर जीते 2100 रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल






**नारनौल।** खेल खेलने के लिए तैयार खिलाड़ी। व मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

रामनवमी के पावन अवसर पर चिंडालिया में श्रीश्री 1008 बाबा सीतानाथ आश्रम में मेले के तहत बाबा सीतानाथ ग्रुप चिंडालिया द्वारा खेल प्रतियोगिताओं के साथ रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 65 यूनिट रक्तदान किया। कार्यक्रम के अंतर्गत लंबी दौड़, बच्चों की 100 व 400 मीटर दौड़, रस्साकशी, बुजुर्ग दौड़, महिला मटका दौड़ तथा महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जंहा 17 महिला कबड्डी टीम व 13 पुरुष टीम ने भाग लिया। कबड्डी हरियाणा स्टाइल पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में सिद्धिपुर व कन्हेरी के मुकाबले में कन्हेरी तथा मोहन नगौरा व बहाली रोहतक के मुकाबले में मोहन नगौरा की टीम फाइनल में पहुंची। खेल प्रतियोगिता के दौरान रस्साकशी में सागरपुर इमराड़ा टीम विजेता रही। वहीं मटका दौड़ में प्रमिला बाढड़ा ने प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें 2100 रुपये से सम्मानित किया गया, रीना मोहनपुर द्वितीय को 1100 रुपये व सुनीता चिंडालिया तृतीय को 500 रुपये से सम्मानित किया गया। बुजुर्ग दौड़ में मंदरूप काजला प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2100 रुपये, गिरधारी कोटपूतली द्वितीय 1100 रुपये तथा बहादुर नरवाना तृतीय 500 रुपये सम्मानित किया गया।

### रक्तदान महादान

*कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विक्रम पहलवान सरपंच छिलरो व प्रधान, निजामपुर सरपंच एसोसिएशन ने युवाओं के प्रयास की सराहना करते हुए रक्तदान को महादान बताया। शिविर सामान्य अस्पताल नारनौल की टीम के सहयोग से मेडिकल ऑफिसर डॉ. निखिल बहल की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सुमन देवी के पति मुकेश लांबा, नर्सिंग स्टाफ संतोष, सुरभि, रीना व सुधीर सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों व रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।*



## डीसी ने कार्यालय के बाहर सुनीं समस्याएं

**नारनौल।** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार जब अपने कार्यालय से बाहर निकल रहे थे, तो उन्होंने बरामदे में लोगों की भीड़ को अपनी बारी का इंतजार करते देखा। जनता की समस्याओं को देखते हुए उपायुक्त सीधे उनके बीच पहुंच गए और वहीं बरामदे में बैठकर एक एक व्यक्ति की शिकायत को विस्तार से सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब किया और शिकायतों के निपटारे की स्थिति जानी। उपायुक्त ने जनता की फरियाद सुनने के बाद अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि आमजन के काम में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले हर व्यक्ति की बात को संवेदनशीलता से सुना जाए और उनकी जायज समस्याओं का समाधान न्यूनतम समय में सुनिश्चित किया जाए। कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को कहा कि वे केवल कागजी खानापूर्ति न करें, बल्कि धरातल पर लोगों को राहत पहुंचाएं, ताकि किसी भी नागरिक को अपने काम के लिए बार बार दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।